आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा।
- उत्तरी अंडमान के स्मिथ आईलैंड द्वीप के सागर द्वीप में एक नया हैलीपैड का निर्माण किया गया है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल मध्योत्तर अंडमान ज़िले में मायाबंदर के डॉ.आर पी अस्पताल में जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया।
- पोर्ट ब्लेयर से क्वालालम्पुर के बीच सोलह नवम्बर से पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्र के नाम संदेश आज शाम सात बजे से प्रसारित किया जाएगा। कल प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन सुबह सात बजकर पांच मिनट से प्रसारित होगा। इन महत्वपूर्ण प्रसारणों को देखते हुए आज शाम का प्रादेशिक समाचार सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर आज शाम छः बजकर पैंतालीस मिनट से आरंभ होगा। कल प्रादेशिक समाचार सुबह सात बजकर पांच मिनट के बजाय सुबह छः बजकर पैंतालीस मिनट से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के सिलसिले में कल फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल में सभी टुकड़ियों ने भाग लिया। कल आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए भी तैयारियां की गई है। यातायात के साथ अन्य प्रबंध भी किए गए हैं।

अंडमान निकोबार कमान की ओर से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में फ्लैग प्वाइंट के पास समुद्र में खड़े भारतीय नौसेना, तटरक्षक तथा जहाज़रानी विभाग के जलयानों में रात्रि पांच बजकर पैंतालीस मिनट से दस बजे तक रोशनी की गई है और आतिशबाजियां भी की जा रही है। कल अंडमान निकोबार कमान के करीब अट्ठहत्तर तैराक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप से मरीना तट तक तैराकी अभियान में भाग लेंगे। कमान के कमांडर इन चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने और हर घर तिरंगा अभियान के तहत कला और संस्कृति विभाग द्वारा कल शाम फ्लैग प्वाइंट में देशभक्ति पर आधारित संगीत संध्या का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानीय सांस्कृति समूह के कलाकारों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद् की ओर से कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल से बाईक रैली का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने इस रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव और सांसद ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली। रैली में साढ़े तीन सौ से अधिक मोटरचालकों ने भाग लिया, इसमें नगरपालिका, आई आर बी एन के अलावा स्थानीय नागरिक शामिल थे। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुज़री।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री–सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर ग्राम बनाया जाएगा। सरकार ने इस योजना के अंतर्गत आदर्श सौर ग्राम योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा है कि इसके लिए कुल आठ सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गांव की आबादी पांच हजार और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए दो हजार से अधिक होनी चाहिए।

<><><><><><><>

उत्तरी अंडमान के स्मिथ आईलैंड द्वीप के सागर द्वीप में एक नया हैलीपैड का निर्माण किया गया है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल वर्चुअल रूप से इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सागर द्वीप में हैलीपैड के बन जाने से प्रशासन को ज़रूरी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा बारह सौ पच्चीस वर्ग मीटर क्षेत्र में बीस महीने में हैलीपैड का निर्माण किया गया है। आठ जुलाई को पवनहंस हैलीकॉप्टर द्वारा सफलतापूर्वक ट्रायल लैन्डिग भी की गई।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने कल मध्योत्तर अंडमान ज़िले में मायाबंदर के डॉ. आर पी अस्पताल में जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल उद्घाटन किया। समारोह में मध्योत्तर अंडमान के उपायुक्त दिलकुश मीणा, वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारी और पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस प्रयोगशाला से क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवा में एक महत्वपूर्ण प्रगति होगी और, जो संक्रामक रोगों के परीक्षण सहित उन्नत नैदानिक सेवाओं से लैस है। मुख्य सचिव ने दूर–दराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने के महत्व पर ज़ोर दिया और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। मध्योत्तर अंडमान के उपायुक्त दिलकुश मीणा ने मुख्य सचिव के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और प्रयोगशाला की स्थापना में शामिल टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ज़मीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा पहलुओं का समर्थन करने में पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों की भूमिका को भी उजागर किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखो अपना देश अभियान की शुरूआत की है। पर्यटन मंत्रालय ने इस संबंध में एक समर्पित वेब पेज विकसित किया है। माई गॉव प्लेटफार्म पर इस वेब पेज के माध्यम से नागरिक अपने पसंदीदा पर्यटक गंतव्य के लिए वोट कर सकते हैं, जो अलग–अलग श्रेणियों के लिए है। इस अभियान का उद्देश्य देश की जनता में जागरूकता उत्पन्न करना और अभियान को बढ़ावा देना है। द्वीपसमूह के निवासियों से भी इस नागरिक सेवा चैनल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है। दिए गए लिंक पर जाकर वोट किया जा सकता है।

<><><><><><><>

नशामुक्त भारत अभियान के तहत मध्योत्तर अंडमान ज़िले के भी विभिन्न स्कूलों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रव्यापी इस अभियान के तहत ज़िले की इरका की ओर से सभी स्कूलों में इसका आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किए।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए तीन नए डिजिटल सुधार कार्यक्रमों का उद्घाटन किया गया है। ज़िला उपायुक्त ज्योति कुमारी ने जिला सूचना प्रणाली निशुल्क वाई फाई एक्सेस प्वाइंट तथा हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग, अतिथि गृह, अल्पावधि आवास और क्वार्टर आवंटन के लिए ऑनलाइन सेवाओं का उद्घाटन किया। इस प्रक्रिया से अब कार निकोबार, ननकौड़ी और कैम्पबेल बे के लोगों को जरूरी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हो पाएंगी। ज़िले में अब सभी सेवाएं और प्रमाणपत्रों को डिजिटल फॉर्मेट में उपलब्ध करा दिया गया है। ज़िले के लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर से क्वालालम्पुर के बीच सोलह नवम्बर से पहली अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा शुरू हो सकती है। भारतीय विमानन प्राधिकरण के निदेशक देवेन्दर यादव ने बताया कि ये सेवा सप्ताह में तीन दिन होगी।

<><><><><><><>

एम.वी भारतसीमा कल रात्रि नौ बजे हैडो जेट्टी से मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर जाएगा और सोलह अगस्त को दिन में दो बजे इसी मार्ग से इसकी वापसी होगी। इस यात्रा के लिए यात्री आज सुबह नौ बजे से टिकट बुक करवा सकते है।

<><><><><><><>

सरकार व्यापाक विचार विमर्श के बाद प्रसारण सेवा विनियमन विधेयक का नया मसौदा तैयार करेगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विधेयक के मसौदे पर टिप्पणियाँ और सुझाव प्राप्त करने की समय सीमा इस वर्ष पन्द्रह अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले विधेयक का मसौदा हितधारकों और आम जनता के सुझावो के लिए पिछले वर्ष नवंबर में सार्वजनिक किया गया था।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने और हर घर तिरंगा अभियान के तहत द्वीपों में कई कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को– डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता दी है। कल आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए तैयारियां अंतिम चरण में–मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा–द्वीप समाचार की खबर है। विद्युत विभाग के निदेशक ने विम्बर्लीगंज में जन सुनवाई कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों की समस्याओं को सुना–इंफो इंडिया की खबर है। पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से गाराचरामा के पशु चिकित्सालय में पहली शाम की ओ. पी डी की शुरूआत करने के समाचार को–अंडमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है जबकि सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की उपलब्धियों से जुड़े समाचार को–द इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>